# प्रिंस जिंदल बेस्ट आउट स्टैंडिंग पार्टिसिपेंट व बेस्ट आउटस्टैंडिंग ग्रुप सहभागी पुरूस्कार से सम्मानित

### जेसीआई खण्डवा द्वारा गुना में 3 दिवसीय कार्यशाला में सहभागिता



**खण्डवा।** जेसीआई जोन 6 के शानदार स्पीच क्राफ्ट को लेकर जेसीआई गुना पायनियर के द्वारा तीन दिवसीय कार्यशाला की गई।

कार्यशाला में खंडवा से अध्यक्ष सुजाता मोरे ,सचिव प्रिंस जिंदल ने भाग लिया। स्पीच क्राफ्ट में प्रशिक्षण पायलट डॉ संदीप सुनेजा, साथ ही को-पायलट डॉ स्वाति शारदा व पूनम मंत्री ने दिया ।खंडवा जेसीआई को दो पुरस्कार बेस्ट आउटस्टैंडिंग पार्टिसिपेट व आई एम आउटस्टैंडिंग ग्रुप का पुरस्कार मंडल अध्यक्ष जेसी अभिषेक गुप्ता, स्पीचक्राफ़्ट चेयरमैन व मंडल उपाध्यक्ष जेसी अभिषेक त्रिपाठी व मंडल सचिव जेसी अभिषेक यादव ने दिया। पूर्व अध्यक्ष जेसी अनिल बाहेती ने बताया कि स्पीच क्राफ्ट के माध्यम से हम कैसा बोले, हम कैसा रहे, हम कैसा कार्य करें। सिखाया जाता है ।जो हमें जेसीआई के साथ-साथ हर जगह काम आता है। पूर्व अध्यक्ष नागेश वालंजकर, ज्योति वालंजकर ,मनन सोनी,अनिरुद्ध राजावत व सदस्यों ने बधाइयां दी।

# जिले मे अवैध शराब बिक्री करने वाले 04 आरोपियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही

### 39 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत की गई

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री महेंद्र तारणेकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन मे दिनांक 17.04.25 को कुल 08 गिरफ़्तारी वारंट, 014 जमानती वारंट, 24 समन जिले के विभिन्न थानो के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए।

दिनांक 17.04.25 को अवैध शराब विक्रेताओ के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए। थाना मूंदी के आरोपी संजय पिता रामदास जाति कोरु ठाकुर उम्र 26 साल निवासी जलवा बुजुर्ग सोनारवाला बैडी के कब्जे से कच्ची हाथ भट्टी महुआ शराब मात्रा 07 लीटर कीमती 560/- रूपये की जप्त की गई। आरोपी सुरेन्द्र पिता लालताप्रसाद जायसवाल उम्र 60 साल निवासी जलकुआ के कब्जे से 08 कच्ची हाथ भट्टी की बनी महुआ शराब कीमती करीबन 640/-रुपये की जप्त की गई। आरोपी मदन पिता हरिदास नि. भैसावाटांडा के कब्जे से देशी प्लेन शराब के 21 क्वार्टर कीमती 1860/- रूपये की जप्त की गई। थाना खालवा के आरोपी सीताराम सुलपा कोकूर बाराकुंड के कब्जे से 17 क्वटर देशी शराब कीमती 1360/- रूपये की जप्त की गई। उपरोक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। दिनांक 17.04.25 को जिला खंडवा मे समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालको के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट ना लगाने वाले तथा अन्य यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले कुल 39 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्यवाही की गई एवं समन शुल्क 20600/-रुपये वसूल किए गए है। पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है। जिले के विभिन्न थानो मे कुल 33 असामाजिक तत्त्वो के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। धारा 126/135 ब्हस्स के तहत 17 प्रकरणों मे 20 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 129 ब्हस्स के तहत 04 प्रकरणों मे 04 अनावेदकों के विरुद्ध,धारा 170 ब्हस्स के तहत 05 प्रकरण मे 09 अनावेदकों के विरुद्ध अनावेदकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। जिले में कुल 04 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्यवाही कराई गई है।

## कलेक्टर कार्यालय की राजस्व स्थापना शाखा अंतर्गत तीन उम्मीदवारों को दी गयी अनुकम्पा नियुक्ति

**खंडवा।** संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंशु जावला ने बताया कि कलेक्टर कार्यालय, खण्डवा की राजस्व स्थापना अन्तर्गत रिक्त सहायक वर्ग-3 के पद पर तीन उम्मीदवारों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गयी है। जिसके अंतर्गत श्री राहुल सिंह जगताप पिता स्व. श्री दन्दु जगताप निवासी रामनगर को कलेक्टर कार्यालय खण्डवा, श्रीमति मीना नागनपुरे पति स्व0श्री राधेश्याम नागनपुरे निवासी ग्राम भामगढ़ को तहसील कार्यालय छैगांवमाखन तथा श्रीमति सीमा रावत पति स्व. श्री वीरेन्द्र सिंह रावत निवासी भण्डारिया रोड़ नाकोड़ा नगर खण्डवा, को तहसील कार्यालय खण्डवा में नियुक्ति प्रदान की गयी है।

# ज्योतिर्लिंग मंदिर ममलेश्वर के निकट दो दुकानों में लगी भीषण आग लाखों का नुकसान





ओंकारेश्वर (निप्र)। ओंकारेश्वर मे पूर्व पार्षद व अन्य की दुकान में लगी भीषण आग लाखों का हुआ नुकसान नगर परिषद फायर को प्रत्यक्ष दर्शियों ने आग पर काबू पाया।

ज्योतिर्लिंग ममलेश्वर गोमुख घाट के बीच दोपहर को अचानक दो दुकानों पर लगी आग लाखों का नुकसान हुआ आसपास के दुकानदारो एवं नगर परिषद के फायर ब्रिगेड ने घंटो मशक्कत के बाद आग पर काबु पाया पूर्व पार्षद जुगनू वर्मा ने बताया मे री दुकान बंद थी मुझे खबर मिली दुकान पर आग लग गई है में आया जब तक मेरी दुकान मेरे सामने जल गई मेरे पड़ोसी की दुकान में भी आग लगी शाट सर्किट से आग लगा बताया गया जिसमें लाखों का माल वह फर्नीचर जलकर खाक हो गया। उल्लेखनीय कीओंकारेश्वर में भीषण गर्मी के चलते आए दिन आग लगने की घटनाएं बढ़ रही है।

## ओंकारेश्वर में श्रद्धालुओं को देंगे हाईटेक सुविधा : खंडवा कलेक्टर



**ओंकारेश्वर (ललित दुबे)।** ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है जिला प्रशासन आए दिननई-नई व्यवस्थाएं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लागूकर रहा है जिससे सिहस्थ 28 में भी किसी प्रकार और सुविधाना हो। ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर में श्रद्धालुओं को सौगात असुविधा न हो इस बात का रखेंगे ध्यान। ऑनलाइन कर सकेंगे दर्शन और अभिषेक हमारे संवाददाता से चर्चा करते हुए कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने बताई योजना देश के 12 मुख्य ज्योतिर्लिंगों में शामिल ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर अब हाईटेक हो गया है। प्रदेश के किसी भी मंदिर में ऐसी हाइटेक व्यवस्था वर्तमान में नहीं है। अब ओंकारेश्वर के भक्ति अपने घर बल्कि देश के किसी भी कोने के अलावा विदेश में बैठकर भी इस हाइटेक पद्धति के माध्यम से ओंकारेश्वर बाबा से रूबरू होकर पूजा अर्चना कर सकेंगे। खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया की श्रद्धालु न सिर्फ बाबा ओंकार का पूजन कर सकेंगे बल्कि, दर्शन पूजन के अलावा कोई विशेष अनुष्ठान भी कर सकते हैं।

### श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय में सावित्री को प्राप्त हुई नि :शुल्क सुविधा



**खंडवा।** सावित्री पति राधेश्याम उम्र 45 वर्ष निवासी रनगांव जिला खंडवा को श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय सह नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खंडवा के आई.सी.यू .में पिछले गुरुवार को गंभीर अवस्था में लेकर आए थे। उन्हें डॉ. दीपशिखा इनवे एम.डी. मेडिसिन द्वारा तत्काल देखा गया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि उनकी हृदय की सामान्य गति जो 60 से 100 प्रति मिनट होती है, बढ़कर 250 से 270 प्रति मिनट हो गई है, जो सुप्रावेंट्रिकुलर टैंकीकार्डिया बीमारी का एक गंभीर रूप हो सकता है। यह हृदय के ऊपरी भाग में असामान्य विद्युत गतिविधियों के कारण होता है, जिस वजह से हृदय बहुत तेज गति से धड़कता है और मरीज के हृदय पर अत्यधिक दबाव के कारण सीने में दर्द के साथ सांस लेने में तकलीफ होती है। ऑक्सीजन की कमी के कारण कभी-कभी कार्डियक अरेस्ट वेंट्रीकूलर टैंकीकार्डिया जैसी गंभीर स्थिति में हृदय अचानक धड़कना बंद कर देता है, जो जीवन के लिए खतरा हो सकता है। डॉ. दीपशिखा इनवे एम.डी. मेडिसिन द्वारा मरीज की गंभीरता को देखते हुए तत्काल ई.सी.जी., सी.बी.सी., यूरिन एवं अन्य जांचे करवाई और कैरोटीन मसाज के बाद इंजेक्शन एडेनोसिन लगाया, जिसके कारण तुरंत मरीज के स्वास्थ्य में सुधार होने लगा।

# ग्राम अली खुर्द में बह रही धर्म की गंगा...

### पंडित पवन शर्मा के आर्चायत्व में यज्ञ अनुष्ठान और श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन का लाभ ग्रामीण ले रहे



**ओंकारेश्वर - ( ललित दुबे )**अली खुर्द में बगलामुखी के परम भक्त पं पवन गुरु महाराज के नेतृत्व में आली खुर्द जिला खरगोन में मां पीतांबरी बगलामुखी एकादशी कुंडा तक महायज्ञ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 14 अप्रैल से शुरू होकर 20 अप्रैल रविवार तक किया जा रहा है। जिसमें सत्ता पक्ष के कई वरिष्ठ नेता विधायक मंत्री भी शामिल हो रहे हैं यज्ञ7⁓30 से 12⁓30 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा दोपहर 1⁓00 बजे से 5⁓00 तक की जा रही है मूल पाठ आचार्य संजय शर्मा बडवाह एवं कथा सुशील शर्मा वृंदावन के मुखारविंद से की जा रही है। आली खुर्द . पीतनगर टोकसर .दिलवाड़ा अली खुर्द के भक्त गण के कुशल मार्ग दर्शन में धार्मिक आयोजन किया जा रहा है।

# मोहनलाल माहेश्वरी ने की देहदान की घोषणा

### सक्षम संस्था एवं लायन्स नेत्रदान व देहदान समिति के सहयोग से भरा 154 वां देहदान घोषणा पत्र



**खण्डवा। मेडिकल के विद्यार्थियों के प्रशिक्षण हेतु मृत देह की आवश्यकता के लिए लायन्स,नेत्रदान एवं देहदान जनजागृति समिति के जागरूकता कार्यक्रमों व समाचार पत्रों व देहदान के समाचार से प्रेरित होकर स्टेट बैंक से सेवानिवृत्त कावेरी स्टेट निवासी मोहनलाल माहेश्वरी ने मरणोपरांत देहदान की घोषणा की ।**

जानकारी देते हुए संयोजक नारायण बाहेती ने बताया कि पुत्र संजय माहेश्वरी पत्नि विमला देवी ,भाई पंकज मुंदड़ा,हेमन्त मुंदड़ा की सहमति युक्त देहदान घोषणा पत्र पर स्वयं के हस्ताक्षर कर घोषणा पत्र भरकर समिति सदस्यों को दिया। लायन्स ,नेत्रदान एवं देहदान जनजागृति समिति के नारायण बाहेती, डॉ सोमिल जैन, प्रहलाद तिरोले,अनिल बाहेती,सुरेंद्रसिंह सोलंकी ,डॉ राधेश्याम पटेल , राजीव शर्मा ,उज्ज्वला मुंदड़ा,सुनील जैन,गांधीप्रसाद गदलें,राजीव मालवीय, घनश्याम वाधवा, सक्षम संस्था,लायन्स क्लब खण्डवा ,लियो क्लब खण्डवा व महर्षि दधीचि समिति,एवं मेडिकल कालेज खण्डवा के सहयोग से देहदान घोषणा पत्र भरने की कार्यवाही पूर्ण की गई।इस अवसर पर अरुण बाहेती, डॉ दिनेश लोवंशी,अंशुल सैनी विशेष रूप से उपस्थित रहे।समिति के सहयोग से यह 154 वा देहदान घोषणा पत्र भरा गया।घोषणा पत्र सोपते हुए मोहनलाल माहेश्वरी ने कहाकि मरने के बाद शरीर को जलाकर राख करने से अच्छा है, यदि मेरा शरीर किसी के काम आए मेरी मृत देह से मेडिकल के विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर अच्छे डॉक्टर बन समाज सेवा करे। श्री बाहेती ने बताया कि समिति के सहयोग से मरणोपरांत 16 देह मेडिकल कालेज को सौपी गई। 507 व्यक्तियों के निधन उपरांत नेत्रदान किये गए।नेत्रदान व देहदान की जानकारी व घोषणा पत्र भरने के लिए कभी भी सम्पर्क किया जा सकता हैं।

# कलेक्टर गुप्ता होंगे पुरस्कृत

### स्मार्ट टी.व्ही. के माध्यम से शिक्षा के लिए किया था नवाचार



**खण्डवा।** राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार (नवाचार हेतु) वर्ष 2022-23 के लिए कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता को 1 लाख रुपये की राशि एवं प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया जायेगा। मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव श्री अनिल सुचारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में खंडवा कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने विगत समय में देवास में उनके कार्यकाल के दौरान स्मार्ट टी.व्ही. के माध्यम से शिक्षा के लिए नवाचार किया था जो कि शिक्षा एवं मानव संसाधन विकास की श्रेणी में आता है। उन्होंने बताया कि उत्कृष्टता पुरस्कार सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में कुल 14 लोगों को प्रदान किया जायेगा। पुरस्कार का वितरण भोपाल में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा किया जायेगा।

# जिले मे नवीन आपराधिक अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु द्वितीय बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र पुलिस कंट्रोल रूम खंडवा मे सम्पन्न



**खंडवा।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिला खंडवा मे पदस्थ अनुसंधान अधिकारियों एवं पर्यवेक्षण अधिकारियों को नवीन आपराधिक अधिनियम 2023 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षित किया जा रहा है, इसी तारतम्य मे जिला खंडवा मे पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री महेंद्र तारणेकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन मे द्वितीय बैच का 03 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र मे दिनांक 16.04.25 से प्रारंभ होकर दिनांक 18.04.25 को प्रशिक्षण का कार्यक्रम पुलिस कंट्रोल रूम खंडवा मे सम्पन्न कराया गया। प्रशिक्षण सत्र के प्रथम दिवस पर सभी प्रशिक्षणार्थियों के साथ पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा ग्रुप फोटोग्राफी कराई गई। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा दिनांक 18.04.25 को पुलिस कंट्रोल रूम खंडवा मे प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन के अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री राजेश रघुवंशी द्वारा प्रशिक्षण ले रहे जिले के अनुसंधानकर्ता अधिकारियों से दिए गये प्रशिक्षण के संबंध मे फ़ीड बैक प्राप्त किया गया तथा प्रशिक्षण से प्राप्त व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक ज्ञान के बारे मे चर्चा की गई। 01 जुलाई 2024 से नवीन आपराधिक अधिनियम लागू होने के पश्चात अनुसंधान मे आने वाली व्यावहारिक समस्याओ को लेकर चर्चा की गई। सभी ने प्रशिक्षण के माध्यम से कानूनी प्रावधानो के अंतर्गत साक्ष्य संकलन एवं वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्रीकरण, क्राइम सीन की फोटोग्राफी व वीडिओग्राफी के संबंध मे जानकारी प्राप्त किया। प्रशिक्षण मे जिले के 03 निरीक्षक, 11 उप निरीक्षक, 17 सहायक उप निरीक्षक एवं 20 प्रधान आरक्षक सहित कुल 51 अनुसंधानकर्ता अधिकारी सम्मिलित हुए। जिला स्तर पर अनुसंधान अधिकारियों एवं पर्यवेक्षण अधिकारियों को नवीन आपराधिक अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के प्रशिक्षण कार्य हेतु पुलिस मुख्यालय से प्राप्त शॉर्ट फिल्म के माध्यम से विषयों को समझाया गया एवं उस पर चर्चा की गई। दिनांक 18.04.25 को प्रशिक्षण सत्र के समापन दिवस पर श्री सुनील मकवाना वैज्ञानिक अधिकारी खरगोन, उपुअ मुख्यालय श्री अनिल सिंह चौहान, उपुअ अजाक श्री महेश दुबे, प्रभारी फिंगर प्रिन्ट शाखा उनि गणेश पाटीदार, सहायक लोक अभियोजन अधिकारी खंडवा श्री हरि प्रसाद बाँके द्वारा अलग-अलग विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थी अनुसंधानकर्ता अधिकारियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का संतोष जनक जवाब दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन के अवसर पर प्रभारी कंट्रोल रूम निरीक्षक सुनील कुमार गुप्ता खंडवा द्वारा प्रशिक्षण मे सम्मिलित सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों एवं प्रशिक्षण प्रदान करने वाले अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया।

# राष्ट्रीय स्तर की 'विज्ञान मंथन यात्रा 2024-25' हेतु श्रीमती श्रद्धा गुप्ता गंगराड़े का चयन - जिले के लिए गर्व का क्षण



**खंडवा।** शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्टता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रुस्तमपुर की उच्च माध्यमिक शिक्षक श्रीमती श्रद्धा गुप्ता गंगराड़े का चयन मिशन एक्सीलेंस अंतर्गत आयोजित विज्ञान मंथन यात्रा 2024-25 के लिए किया गया है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि यह यात्रा 21 अप्रैल से 27 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी।यात्रा चंडीगढ़ दिल्ली अहमदाबाद स्थित देश के प्रमुख वैज्ञानिक एवं अनुसंधान संस्थानों का भ्रमण करेंगी। यह गौरवपूर्ण यात्रा केवल एक शैक्षणिक भ्रमण नहीं, बल्कि विज्ञान के क्षेत्र में श्रेष्ठ शिक्षकों को उनके योगदान हेतु सम्मानित करने तथा उन्हें वैश्विक वैज्ञानिक प्रगति से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ने का प्रयास है। इस यात्रा का उद्देश्य शिक्षकों को वैज्ञानिक संस्थानों में हो रहे नवीन अनुसंधानों, प्रयोगशालाओं, तकनीकी संसाधनों और प्रवृत्तियों से परिचित कराना है, जिससे वे विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की वैज्ञानिक जानकारी दे सकें। राज्य स्तर पर चयनित ये उत्कृष्ट विज्ञान शिक्षक विद्यालयों में विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना, तर्कशील सोच एवं नवाचार के प्रति जिज्ञासा को जाग्रत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सुनील जैन ने बताया कि श्रीमती गुप्ता भी वर्षो से विज्ञान शिक्षण को रुचिकर एवं प्रायोगिक बनाकर छात्रों को विज्ञान के वास्तविक अनुभवों से जोड़ती रही हैं। वे 3ष्ठ वीडियो कंटेंट, ऑगमेंटेड रियलिटी ( क्र) एवं इंटरैक्टिव शिक्षण तकनीकों का प्रयोग कर छात्रों में विज्ञान के प्रति आकर्षण और समझ दोनों को सशक्त करती हैं। इस उपलब्धि पर श्री पी एस सोलंकी जिला शिक्षा अधिकारी महोदय ने श्रीमती गुप्ता को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि, ÷यह चयन केवल एक शिक्षक की उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे जिले की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं प्रतिबद्धता का प्रतीक है।÷ विद्यालय की प्राचार्य महोदय ने भी इस गौरवपूर्ण क्षण पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्रीमती गुप्ता को शुभकामनाएँ दीं और विश्वास जताया कि यह यात्रा न केवल उनके व्यक्तिगत विकास में सहायक होगी, बल्कि विद्यालय के अन्य शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगी। इस चयन से यह सिद्ध होता है कि जब शिक्षकों को सही मार्गदर्शन, अवसर और मंच मिलता है, तो वे अपनी भूमिका को एक दिशादर्शक और परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में सिद्ध करते हैं। श्रीमती गुप्ता का यह चयन समस्त शिक्षा जगत एवं विशेष रूप से विज्ञान शिक्षकों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं।

# विधायक छाया मोरे के प्रयास से छैगांवमाखन को मिलेगी आईटीआई की सौगात

### आईटीआई खुल जाने से कई गांवो के युवाओं को तकनीकी शिक्षा का लाभ मिलेगा



**खंडवा।** पंधाना विधायक छाया मोरै के सक्रिय प्रयासों के चलते पंधाना विधानसभा क्षेत्र में लगातार प्रदेश सरकार द्वारा विकास कार्यो की सौगात प्राप्त हो रही है, पंधाना विधानसभा क्षेत्र की विधायक छाया मोरे के निरंतर प्रयासों से विकासखंड छैगांवमाखन में नवीन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) की स्थापना की स्वीकृति मिल गई है।

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में युवाओं को कौशल तकनीकी शिक्षा का लाभ प्राप्त हो इस विधायक छाया मेरे द्वारा मुख्यमंत्र एवं उद्योग मंत्री को पत्र लिखे गए थे जिसमें सफलता प्राप्त हुई है। क्षेत्र के शिक्षित युवाओं के कौशल उन्नयन एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। ज्ञात हो कि विधायक छाया मोरे ने 30 सितंबर 2024 को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर छैगांवमाखन में आईटीआई की मांग की थी। इस मांग को गंभीरता से लेते हुए शासन ने 8 अप्रैल 2025 को संयुक्त संचालक, कौशल विकास के माध्यम से पत्र क्रमांक कौवि/संस/स्थाप./ई/2025/603 जारी कर आईटीआई विहीन विकासखंड में नवीन आईटीआई खोलने की स्वीकृति प्रदान की है। पत्र में भवन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जैसे ही भवन की उपलब्धता सुनिश्चित होती है, आईटीआई में अध्यापन कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस संस्थान की स्थापना से छैगांवमाखन सहित आसपास के करीब 35 से 40 गांवों के युवाओं को तकनीकी शिक्षा का लाभ मिलेगा। इससे न केवल युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे, बल्कि स्वरोजगार की दिशा में भी उन्हें नई राह मिलेगी। विधायक छाया मोरे ने इस निर्णय को क्षेत्र के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि आईटीआई के माध्यम से स्थानीय युवाओं को तकनीकी दक्षता प्राप्त होगी, जिससे उनका भविष्य सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकेगा।

+